Rise
WOMEN'S LEGAL CENTRE

# संपत्ति का अंतरिम वितरण

यह गाइड लोगों को यह समझने में मदद करने के लिए बनाई गई है कि वे कानूनी कार्यवाही में आने वाले खर्च की भरपाई करने में मदद करने के लिए पारिवारिक संपत्ति का इस्तेमाल कब कर सकते हैं। यह गाइड कानूनी सलाह नहीं है।

अगर आप या कोई ऐसा व्यक्ति जिसकी आप मदद करना चाहते हैं, को कानूनी सलाह की जरूरत है, तो कृपया किसी वकील से सलाह लें।



**जब लोग अलगाव से गुजरते हैं,** तो कभी-कभी आय और संपत्तियों का बंटवारा बराबर-बराबर नहीं होता। हो सकता है कि एक पार्टनर ने नौकरी की हो, जबकि दूसरे ने घर संभाला हो। एक पार्टनर ने RRSPs, TFSAs, या अन्य निवेश अपने नाम से किया हो, जबकि दूसरा ऐसा न कर पाया हो। रिश्ता टूटने के बाद, हो सकता है कि एक पार्टनर ने साझा खाते से सारा धन निकाल लिया हो और धन अपने पास रख लिया हो। कुछ परिस्थितियों में, जैसा कि ऊपर कुछ उदाहरण दिए गए हैं, हो सकता है कि एक पार्टनर के पास वकील को पैसा देने के लिए धन हो जबकि दूसरे के पास उसने इस काम के लिए धन छोड़ा ही न हो।

यह सुनिश्चित करने में मदद के लिए, कि दोनों पार्टनर के पास बराबर-बराबर पारिवारिक संपत्ति हो, बीसी का परिवार *कानून अधिनियम* "संपत्ति के अंतरिम वितरण" की इजाजत देता है। यह गाइड संपत्ति के अंतरिम वितरण के बारे में आम सवालों के जवाब देती है और इससे पता लगता है कि संपत्ति किसे मिलेगी।

इस गाइड में, हम मारिया और मार्क की बात करेंगे। उनकी शादी को 10 साल हो चुके हैं और उनका आठ साल का एक बच्चा भी है। मारिया घर पर रहकर बच्चे की देखभाल करती है और मार्क एक तकनीकी कंपनी में काम करता है, और सालाना $160,000 कमाता है। मार्क का एक बचत खाता भी है, जिसमें करीब 80,000 डॉलर हैं। फ्रेजर वैली में उनका एक कॉन्डो है, जिसकी इक्विटी में $400,000 हैं।



मारिया और मार्क का कुछ महीने पहले अलगाव हो गया था। मारिया और उसका बेटा एक दोस्त के बेसमेंट सुइट में रह रहे हैं, जबकि मार्क अपने कॉन्डो में ही रह रहा है। मारिया साझा बैंक खाते से लेनदेन कर सकती है लेकिन मार्क के बचत खाते तक उसकी कोई पहुंच नहीं है। साझा बैंक खाते का ज्यादातर धन खत्म हो चुका है, और मार्क अब इसमें कोई पैसा जमा नहीं कर रहा है।

मारिया को $500 प्रति माह चाइल्ड टैक्स बेनिफिट की पेमेंट मिलती है। उसके पास कोई दूसरी इनकम नहीं है। मारिया अपने पारिवारिक मामले को हल करने के लिए एक वकील की सहायता चाहती है लेकिन वह उसकी फीस नहीं दे सकती। मार्क का कहना है कि उन्हें वकील की कोई जरूरत नही है और वे आपस में एक समझौता कर सकते हैं।



संपत्ति का अंतरिम वितरण केवल उन लोगों के लिए है जिन्हें "पति-पत्नी" माना जाता है। संपत्ति के बंटवारे के उद्देश्य से, इसका आम तौर पर मतलब है कि वे शादीशुदा हैं या कम से कम दो साल से साथ रह रहे हैं।

# अंतरिम वितरण क्या है?

पारिवारिक कानून के कुछ मामलों में, अदालत यह आदेश दे सकती है कि पारिवारिक कानून के दूसरे सभी मामलों के हल होने से पहले ही किसी एक पार्टनर को पारिवारिक संपत्ति या संपदा का कुछ हिस्सा दे दिया जाए। इसे "अंतरिम वितरण" कहा जाता है और ऐसा तब किया जाता है जब किसी एक पार्टनर को कुछ चीजों के भुगतान के लिए धन की जरूरत होती है जिसमें अदालत की कार्यवाही अथवा विवाद के हल के लिए किसी वकील या किसी अन्य कानूनी पेशेवर की सेवाएं लेना शामिल है।

*पारिवारिक कानून अधिनियम* की धारा 89 के तहत अंतरिम वितरण किया जाता है, जिसमें कहा गया है कि अदालत निम्न कार्यों के लिए किसी एक पार्टनर को संपत्ति का कुछ हिस्सा दिये जाने का आदेश कर सकती है:

- पारिवारिक विवाद के हल के भुगतान के लिए (मध्यस्थता, सहयोगी पारिवारिक कानून, या पेरेंटिंग कोऑर्डिनेटर की सेवाओं सहित अदालत से बाहर की प्रक्रियाएं)
- *पारिवारिक कानून अधिनियम* के तहत पूरी या अदालती कार्यवाही के कुछ हिस्से के लिए भुगतान करने के लिए
- पारिवारिक विवाद के हल या अदालती आवेदन के समर्थन में रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए भुगतान करने के लिए (उदाहरण के लिए धारा 211 मूल्यांकनकर्ताओं (असेसर्स) या व्यावसायिक मूल्यांकनकर्ताओं (बिजनेस वेल्युऐटर्स) को भुगतान करने के लिए धन का उपयोग किया जा सकता है)[1]

> "अंतरिम वितरण" तब किया जाता है जब किसी पार्टनर को कुछ चीजों के भुगतान के लिए धन की जरूरत होती है, जिसमें अदालत की कार्यवाही अथवा विवाद के हल के लिए किसी वकील या किसी अन्य कानूनी पेशेवर की सेवाएं लेना शामिल है।

मार्क से अलगाव के मामले पर असर डालने वाले सभी कानूनी मुद्दों के बारे में अंतिम फैसला करने से पहले, अंतरिम वितरण के लिए अदालत मारिया को कानूनी सहायता (जैसे कानूनी सलाह या अदालत में प्रतिनिधित्व) हासिल करने के लिए साझा पारिवारिक धन के कुछ हिस्से का इस्तेमाल करने की इजाजत दे सकती है। हालांकि, मारिया अपने रोजमर्रा के जीवन की जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरिम वितरण की मांग नहीं कर सकती।

पारिवारिक कानून में, "अंतरिम" आदेश एक ऐसा अस्थायी आदेश होता है जिसे अदालत दोनों पक्षों के बीच मामले की सुनवाई पूरी होने से पहले देती है। हालांकि अंतरिम आदेश अस्थायी होते हैं, क्योंकि पारिवारिक कानून की रफ्तार काफी धीमी होती है, इसलिए अंतरिम आदेश की अवधि कुछ महीनों या कभी-कभार कई सालों तक बनी रहती है। अंतरिम आदेश एक वास्तविक आदेश होता है और इसका पालन तब तक किया जाता है जब तक इसे दूसरे अंतरिम आदेश या अंतिम आदेश से बदल न दिया जाए।



# अंतरिम वितरण के लिए मैं कब आवेदन कर सकता/सकती हूं?

अंतरिम वितरण का मुख्य उद्देश्य यह है कि पति-पत्नी दोनों की न्याय तक पहुंच बराबर हो।[2]

अदालत ने टिप्पणी की है कि अंतरिम वितरण का उद्देश्य ''दोनों पार्टनर के लिए अदालत की बराबर-बराबर पहुंच में मदद करना है क्योंकि अक्सर एक पार्टनर अधिकांश संपत्ति और संपदा पर कब्जा कर लेता है।''[3]

इसलिए अक्सर अंतरिम वितरण उस समय दिया जाता है जब दोनों पार्टनर की आर्थिक स्थिति में काफी बड़ा अंतर होता है। अगर आपके पार्टनर की तनख्वाह बहुत ज्यादा है या उसके पास आपसे अधिक संपत्ति है, या यह दोनों ही बातें हैं, तो अदालत में आपके मुकदमे या विवाद के हल के लिए आपको भुगतान करने में मदद करने के लिए अंतरिम वितरण एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

जहां आप और आपके पार्टनर की तनख्वाह या संपत्ति बराबर हो, इस बात की उम्मीद कम ही होगी कि ऐसी स्थिति में अदालत अंतरिम आदेश दे, लेकिन कुछ हालात में फिर भी ऐसा संभव है।[4]

मारिया और मार्क की तनख्वाह में काफी बड़ा अंतर है। मार्क के पास कुछ धनराशि ऐसी भी है जिसे उसने इस संबंध के दौरान बचाया है जबकि मारिया के पास ऐसा कोई धन नहीं है। ऐसी स्थिति में अंतरिम वितरण के लिए आवेदन करना मारिया के लिए एक अच्छा उपाय हो सकता है।

अंतरिम वितरण का उद्देश्य दोनों पार्टनर के लिए अदालत की बराबर-बराबर पहुंच में मदद करना है, और इसे अक्सर तब किया जाता है जब पति-पत्नी की आर्थिक स्थिति में काफी बड़ा अंतर होता है।



"तरल" (लिक्विड) संपत्ति को आसानी से नकदी में बदला जा सकता है।



"गैर-तरल" (नॉन-लिक्विड) संपत्ति को आसानी से नकदी में नहीं बदला जा सकता।

# अंतरिम वितरण कैसे किया जाता है?

अंतरिम वितरण उस समय सबसे आसानी से किया जा सकता है जहां "तरल संपत्ति" होती है, जैसे कि बैंक खाते और ऐसे निवेश जिन्हें आसानी से धन में बदला जा सकता है। गैर-तरल संपत्तियों में कार, घर और आभूषण जैसी चीजें शामिल हैं जिन्हें आमतौर पर कानूनी सेवाओं के भुगतान के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता (आप किसी वकील को उसकी सेवाओं के भुगतान के लिए बदले में अपनी कार नहीं दे सकते)।

कुछ खाते 'लॉक' होते हैं और उनसे धन नहीं निकाला जा सकता। आमतौर पर ऐसे खातों को अंतरिम वितरण के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाता। अगर आप आरआरएसपी या बचत खाते से धन निकालते हैं तो आपको टैक्स का जुर्माना या धन निकालने के लिए फीस देनी पड़ेगी, इसका यह अर्थ नहीं कि यह धन "लॉक्ड इन" है। हालांकि, यदि उपलब्ध हो तो, बेहतर होगा कि किसी दूसरी संपत्ति का इस्तेमाल किया जाए, जिसे निकालने पर टैक्स का जुर्माना न देना पड़े।

अगर आपने अपने पारिवारिक घर या कारोबार को बेच दिया है, तो उस बिक्री से आपको धन मिला होगा जिसे अंतरिम वितरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ परिस्थितियों में, पारिवारिक घर (या किसी अन्य परिसंपत्ति) की इक्विटी का इस्तेमाल कर अंतरिम वितरण करना संभव है। इसमें आमतौर पर घर को बेच दिया जाना या उसे रि-फाइनेंस कराना शामिल है। (यदि आपका पार्टनर घर को बेचने के लिए राजी नहीं होता, तब आपको घर को बेचने के लिए अदालत को आवेदन देना होगा।)

अगर आप या आपके पार्टनर दोनों के पास लिक्विड संपत्ति नहीं है, या आपके घर को बेचना या रि-फाइनेंस करना संभव नहीं है, तो अंतरिम वितरण करना संभव नहीं होगा।

चूंकि मार्क के पास लिक्विड संपत्ति (पारिवारिक बचत खाता) है, इसलिए मारिया को इस खाते से अंतरिम वितरण मिल सकता है। कुछ परिस्थितियों में, मारिया कॉन्डो को बेचने का आदेश देने के लिए अदालत से कह सकती है।

अगर आप या आपके पार्टनर दोनों के पास लिक्विड संपत्ति नहीं है, या आपके घर को बेचना या रि-फाइनेंस करना संभव नहीं है, तो अंतरिम वितरण करना संभव नहीं होगा।





# कानूनी परीक्षण क्या है?

जब आप अंतरिम वितरण के लिए आवेदन करते हैं, तो आपको अदालत को यह दिखाना पड़ता है कि आप *पारिवारिक कानून अधिनियम* की धारा 89 के तहत दो शर्तों को पूरा करते हैं:

- आपको इस दस्तावेज के पृष्ठ 3 पर बताए गए तीन उद्देश्यों में से एक या अधिक के लिए अंतरिम वितरण की जरूरत है; और
- अंतरिम वितरण से दूसरे पार्टनर के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा (यह उनके मुकदमे पर गलत असर नहीं डालेगा)।[5]

अपनी जरूरत दिखाने के लिए, आपको आमतौर पर अपने धन संबंधी विवरणों के बारे में सबूत देना होता है, जिसमें यह बताना शामिल है कि आप अपनी तनख्वाह और संपत्तियों के बावजूद खर्चों को पूरा क्यों नहीं कर पा रहे। आपको अदालत को पारिवारिक विवाद के हल या अदालती कार्यवाही पर होने वाले खर्च के अंदाजे के बारे में भी जानकारी देनी होती है।

दूसरे पार्टनर को अंतरिम वितरण देना नुकसानदेह होगा या नहीं, अदालत चाहे इस बात का पता लगाए या नहीं, यह आपके मुकदमे की खास परिस्थितियों और संपदा की किस्म पर निर्भर करता है।[6] अंतरिम आदेश के पक्ष में आपके मुकदमे में मददगार कुछ कारक निम्न हो सकते हैं :

- आपके पार्टनर की तनख्वाह और संपत्ति आपसे कहीं अधिक ज्यादा है;
- आपके मुकदमे में अनेक कठिन मुद्दे जुड़े हैं;
- आपका पार्टनर खास तौर पर आपके साथ अनुचित व्यवहार करता रहा है;
- आपके पार्टनर से फाइनेंशियल दस्तावेज हासिल करना दिक्कत भरा रहा है;
- संभव है कि आपको आज तक काफी ज्यादा कानूनी फीस चुकानी पड़ी है; या
- आप अपनी तनख्वाह या संपत्ति से कानूनी फीस का भुगतान करने में असमर्थ रहे हैं

मारिया अपने मुकदमे के बारे में किसी पारिवारिक वकील से बात करना चाहती है। अगर उसे संपत्ति के वितरण के बारे में संपत्ति के किसी अंतिम फैसले और मार्क के धन के बारे में जानकारी लेनी है, तो उसे संपत्ति के अंतिम वितरण की मांग करनी होगी। साथ ही, मारिया के लिए यह पता लगाने के लिए किसी वकील से बात करना भी एक अच्छा विचार होगा कि उसे वकील की सेवाओं के लिए कितने धन की जरूरत होगी।



"हलफनामा" आपके साक्ष्य के बारे में एक लिखित बयान है। आपके हलफनामे पर वकील, नोटरी, या हलफनामों के आयुक्त के सामने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। (आमतौर पर अदालत रजिस्ट्री में ऐसे कर्मचारी होते हैं जो इस काम के लिए एकदम सही व्यक्ति हैं जब आपको किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढ़ने में दिक्कत आ रही होती है।) आपको कसम लेनी होगी या इस बात की पुष्टि करनी होगी कि हलफनामा एकदम सही है। हलफनामे पर एक बार दस्तखत हो जाने के बाद, हलफनामे को ठीक उसी प्रकार महत्व दिया जाता है जैसे आप किसी अदालत में किसी कटघरे के सामने खड़े होकर कसम लेते हैं।

# अंतरिम वितरण के लिए मैं अदालत में आवेदन कैसे कर सकता/सकती हूं?

आप केवल बी.सी. सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम वितरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अगर सुप्रीम कोर्ट में आपके पारिवारिक मामले में दाखिल करने के लिए कोई मुकदमा जारी नहीं है, तो सबसे पहले आपको कार्यवाही शुरू करनी होगी। आमतौर पर ऐसा परिवार के दावे की सूचना दाखिल करके किया जाता है।

अंतरिम वितरण का आवेदन करने के लिए, आपको नोटिस ऑफ एप्लीकेशन और एफिडेविट हलफनामा दाखिल करना होता है जो आपके हालात को बताता है।

सुप्रीम कोर्ट में विभिन्न चरणों के दौरान, आप अंतरिम आदेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसमें कुछ परिस्थितियों में मुकदमे की शुरुआत के दौरान आवेदन करना शामिल है।

मारिया सीमित समय के लिए किसी वकील को उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के ड्यूटी वकील को कह सकती है, या लीगल ऐड से भी बात की जा सकती है, हालांकि इनमें से कोई भी उसका अदालत में प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। वह अपनी सहायता के लिए किसी पारिवारिक कानून वकील से भी संपर्क कर सकती है। आपpovnet.org/find-an-advocate पर दिए गए PovNet नक्शे के माध्यम से पारिवारिक कानूनी वकील को ढूंढ़ सकते हैं।

रिश्ते का टूटना बहुत तनावपूर्ण होता है, और पारिवारिक धन का इस्तेमाल न कर पाना चीजों को और भी कठिन बना सकता है।

आपकी सहायता के लिए संसाधन और मदद उपलब्ध है, और हम आपको अपने समुदाय में सहायता सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## नोट्स

1 *पारिवारिक कानून अधिनियम*, एसबीसी 2011, सी 25, धारा 89: "अगर सुप्रीम कोर्ट इस बात के प्रति संतुष्ट है कि यह पार्टनर के हितों के लिए नुकसानदेह नहीं है और नीचे दिए गए उद्देश्यों के लिए जरूरी है, तो वह पारिवारिक संपत्ति के अंतरिम वितरण के लिए अंतरिम वितरण का आदेश कर सकती है ताकि: (ए) पारिवारिक विवाद के हल के लिए धन दिया जा सके, (बी) इस अधिनियम के तहत संपूर्ण मुकदमे या इसके किसी भाग के लिए धन दिया जा सके, या (सी) पारिवारिक विवाद के हल में मदद के लिए सबूत या जानकारी हासिल करने या अदालत में आवेदन करने के लिए धन दिया जा सके।''

2 *बार्टच बनाम बार्टच*, 2017 बीसीएससी 210 का पैरा 23.

3 *आई.एफ. बनाम आर.जे.आर.*, 2015 बीसीएससी 793 पर पैरा 192.

4 *टी.एल.एल. बनाम जे.जे.जे.एल.*, 2016 बीसीएससी 1353.

5 *बार्टच पैरा* 22 पर.

6 *नेगस बनाम येहिया*, 2015 बीसीएससी 857.

# आगे बढ़ते रहें

रिश्ते का टूटना बहुत तनावपूर्ण होता है, और पारिवारिक धन का इस्तेमाल न कर पाना चीजों को और भी कठिन बना सकता है।

आपकी सहायता के लिए संसाधन और मदद उपलब्ध है, और हम आपको अपने समुदाय में सहायता सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

अगर आप अपने पारिवारिक कानूनी मामले को लेकर अन्य सेवाओं से जुड़ना चाहते हैं, तो मदद के लिए Rise से संपर्क करें।

**RISE पब्लिक लीगल एजुकेशन गाइड्स कई भाषाओं में उपलब्ध है।**
**इस गाइड के अनुवाद के लिए womenslegalcentre.ca/interim-distribution को देखें**

Rise
WOMEN'S LEGAL CENTRE

यह गाइड कैनेडा के न्याय मंत्रालय के उदार वित्त पोषण से संभव हुई है

Department of Justice Canada | Ministère de la Justice Canada

604-451-7447
info@womenslegalcentre.ca
516 Richards St, Vancouver, BC V6B 3A2
womenslegalcentre.ca

हमारा कार्यालय Skwxwu7mesh (Squamish), Tsleil-Waututh (Burrard), और xʷməθkʷəy̓əm (Musqueam) Nation के गैर-सीमित क्षेत्र में स्थित है।

मार्च 2023 | गैब्रियल क्लार्क द्वारा लिखित | नादिन रेनबाई द्वारा ग्राफिक डिजाइन
अहाउजेट में जन्मी और पली-बढ़ी तथा नू-चह-नुल्थ को गर्व से अपना घर बताने वाली मूल निवासी फ़ोटोग्राफ़र मेलोडी चार्ली की तस्वीरें। melodycharlie.com.

Interim Distribution of Property [Hindi]